


**शुभागमन 2024...** कोहरे की छटती धुंध की तरह आगे बढ़ने के साथ-साथ आज फिर नए साल 2024 के साथ नया सवेरा जगमगाने जा रहा है। हर साल की तरह नई आशा, नया उत्साह, नई शुरुआत के संकल्प लेकर आज से नई शुरुआत करने जा रहे हैं। बढ़ते पथ के पथिक बनकर 2023 की खट्टी मीठी यादों का अनुभव हमें इस साल नई प्रेरणा, साहस और संकल्प देगा।

# लाईब्रेरी, किसान मॉल और ओवरब्रिज का जिले को नए साल में मिलेगी सौगात

## जिले के तीनों महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर पूरी रिपोर्ट, बीते साल रखी गई नींव पर इस साल लेगा आकार

**महासमुंद।** नया साल, उम्मीदें नई और नया कुछ पाने की आस के साथ जिले वासियों द्वारा आज नए साल का स्वागत किया जा रहा है। बीते साल में रखी गई नींव पर इस साल विकास आकार लेता नजर आएगा। वहीं कई इमारतें सौगात के रुप में हमें मिलने जा रही है। विकसित और विकासशील निर्माण के इस क्रम में सेंट्रल लाइब्रेरी, किसान मॉल और बेलसोंडा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने जा रहा ओवरब्रिज शामिल है।

### किसान मॉल



पांच वर्ष पूर्व स्वीकृत गंजपारा स्थित कृषि उपज मंडी में हाईटेक किसान मॉल 31 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से बन रहा यह मॉल लगभग पूर्णता की ओर है। प्रस्ताव के अनुसार मंडी प्रांगण का क्षेत्रफल 1 लाख 53 हजार वर्गफीट यानी साढ़े तीन एकड़ है। स्वीकृति के अनुसार इसके 40 फीसदी हिस्से यानि 60 हजार वर्गफीट पर जी प्लस दो किसान मॉल बनाया जा रहा है। इस पर 27 करोड़ रुपए का खर्च होने जा रहा है जहां पर पार्किंग, सड़क व खुला क्षेत्र का विकास, बिजली, गार्डन व अन्य विकास कार्यों पर साढ़े चार करोड़ रुपए से विकास कार्य किए जाएंगे।

### सेंट्रल लाईब्रेरी



शहर के हृदय स्थल पर स्थित पुरानी कचहरी में सर्वसुविधा युक्त सेंट्रल लायब्रेरी का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए पुरानी इमारत को ढहा दिया गया है और कॉलम खड़े करने का कार्य शुरू हो चुका है। 5 करोड़ 90 लाख रूपये की लागत से 32 हजार स्क्वेयर फीट की जगह पर सेंट्रल लायब्रेरी का निर्माण होगा। इसमें ग्राउंड फ्लोर से लेकर सेकेंड फ्लोर तक रहेगा। ग्राउंड फ्लोर पर 13 दुकानों का निर्माण होगा तथा ऊपर लायब्रेरी बनेगी। लायब्रेरी जाने के लिये सीढ़ियों के अलावा लिफ्ट की सुविधा होगी। जिसमें दिव्यांगजन भी इसका लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा रिसेप्शन गार्डन, पार्किंग, बुक शेल्फ का निर्माण होगा।

### ओव्हरब्रिज



समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा में एनएच-353 पर स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसकी जद में आ रहे पेड़ों को काटने के बजाय जड़ समेत उखाड़कर शिफ्ट किया जा रहा है। बता दें कि महासमुंद के बेलसोंडा से होकर गुजरने वाली रेल लाइन के दोहरीकरण होने के बाद से मालवाहकों और यात्री गाड़ियों की संख्या बढ़ी है। इसकी वजह से क्रॉसिंग पर जाम की स्थिति हर रोज बनती है। हालांकि, 2015 में ही इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। लेकिन, बायपास सड़क के कारण इसका काम रूका हुआ था। बेलसोंडा रेलवे ओवर ब्रिज की लंबाई 1 किमी होगी। वहीं चौड़ाई 12 मीटर रहेगी।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हारी और भंवरपुर के बीच बीते रविवार को हुई सडक दुर्घटना में घायल कदम पिता दादु सिंह सिदार की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। इसी प्रकार पटेवा थाना क्षेत्र के झलप के पास रविवार को ही दुर्घटना में घायल युवक खगेश्वर पिता भुवन लाल निवासी पलारी जिला बलौदाबाजार जिसका ईलाज सोहम अस्पताल में चल रहा था, की भी मौत हो गई, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### अधिक शराब पी, ब्यारा में मिली लाश

**महासमुंद।** घर से अत्यधिक शराब का सेवन कर निकले अधेड़ की लाश उसके ही ब्यारा के पास के खेत में मिली। मामला महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम बनसिवनी का है। जहां बीते रविवार को मृतक द्वारपाल पिता स्व. सेवाराम ध्रुव निवासी बनसिवनी घटनास्थल पर मृत अवस्था में मिला। पुत्र हितेश्वर ध्रुव की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9981131365, 9098324969**



## पहल : झालखम्हरिया में लगा प्रधानमंत्री जनमन शिविर

# शिविर में विशेष पिछड़ी जनजातियों को योजनाओं का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजातियों को शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की जा रहे है। पोषण चौपाल व शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने उनके घर तक पहुंचकर जागरूक करने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत करा रहे हैं।

कलेक्टर प्रभात मलिक ने शासन की मंशानुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं। ताकि, चिन्हांकित सभी विशिष्टतः असुरक्षित



जनजातीय समूहों' (पीवीटीजी) समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर उन्हें लाभ प्रदान कराया जा सके व योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाई जा सके। इसी कड़ी में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम झालखमहरिया में जनपद सीईओ एवं डिप्टी कलेक्टर मिशा कोशले और तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई ने कमार परिवारों के घर जाकर उनसे जानकारी ली। उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित योजनाओं का लाभ लेने कहा। साथ ही शिविर लगाकर योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। ज्ञात है कि शिविर में ग्राम झालखमहरिया, गौरखेड़ा, साल्हेभाठा और मोंगरा के कमार परिवार शामिल हुए। इसी तरह सहायक आयुक्त आदिमजाति विकास शिल्पा साय द्वारा इन गांवों में पहुंच कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वीडियों के जरिए समझाया गया। हितग्राहियों का जनमन कार्ड भी दिये गये।

उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा विखं में 894 परिवार के 3240 विशेष पिछड़ी जनजाति कमार निवासरत है। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, आधर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पक्का आवास, नल जल योजना, इंटरनेट एवं मोबाइल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# विधायक का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

प्रथम नगर आगमन पर नेहरू चौक में पार्टी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आतिशबाजी के साथ पुष्पमाला गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर प्रवेश होते ही फूल मालाओं से विधायक योगेश्वर राजू सिंहा को लाद दिया।

लोगों के स्वागत से अभिभूत विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जनता ने जो अपार प्यार-दुलार व समर्थन दिया है उस कर्ज को विकास के माध्यम से उतारा जाएगा।





जिला विकास के मायने में कहीं से भी अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने एक दर्जन से अधिक मंदिरों व देव स्थलों पर मत्था टेका और लोगों की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। कार्यकर्ताओं व समर्थकों के स्वागत करने की उमड़ी भीड़ की वजह से तय कार्यक्रम से काफी विलंब हो गया। रास्तेभर में स्वागत करने वालों की वजह से नगर तक पहुंचने में थोड़ा लेट हो गया। इस दौरान पूरे मार्ग पर लोगों का कारवां लगा रहा।

## मुलाकात





**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पंचायत मंत्री और बृजमोहन अग्रवाल शिक्षा मंत्री का प्रभार मिलने पर हर्ष जताया। ग्राम पंचायत मोरधा गांव विकास के लिए आवेदन भी दिए। इस दौरान ग्राम पंचायत मोरधा के सरपंच दामजी साहू के साथ सुखचरण निर्मलकर, त्रिलोक साहू भी उपस्थित रहे।

# गांव बनाने की अनूठी परंपरा अंवरी में अभी भी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम अंवरी में गांव बनाने की अनूठी परंपरा अभी भी चल रहा है। फसल मिजांई के वक्त गांव के देवी देवताओं को विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया जाता है और साथ में ठाकुर देव में किसान अपने द्वारा कमाए हुए धान के बीड़ा को सभी किसान अपने अपने घर से एक एक बीड़ा चढ़ाते हैं।

गांव के प्रमुख सरपंच पुनेश्वर साहू, कुलंजन सिंह ठाकुर, लेखराम साहू, बालाराम ध्रुव, फलेंद्र ध्रुव, चिंता मरकाम, बिसाहू राम साहू, दौवराम साहू, देवनारायण नागारचि, भिषम ध्रुव बैगा, अजय पांडा, रुपराम, लोमस पाल, नंदकुमार निर्मलकर, रमेश, हिमलोचन, चैन यादव ने बताया कि यहां गांव बनाने का परंपरा को त्यौहार के रूप से मनाया जाता है। गांव के कोटवार द्वारा 1 दिन पहले मुनादी कर दिया जाता है ताकि जब तक गांव के पूरे देवी देवताओं का पूजा अर्चना नहीं होगा तब तक कोई अपने घर पीने के लिए नलकूप से पानी नहीं भरे। पूजा अर्चना के बाद ही अपने घर पानी भर सकता है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण जन सभी देवी देवताओं का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किए।

## शिविर में हितग्राहियों ने सुनाई अपनी कहानी अपनी जुबानी

# पक्के मकान का सपना हुआ साकार

- भैंसबोड़ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से रूबरू संवाद करने के उद्देश्य से भैंसबोड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार की थीम पर बारहमासी गीत, पंथी, सुआ, कर्मा, ददरिया, अखाड़ा, राउत नाचा, देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हरिश साहू और गणेश राम ढीमर ने योजना के तहत बने उनके पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कि उनके पक्के मकान का सपना साकार हो गया है





और वे परिवार के साथ निश्चिंत होकर अपने घर में रह रहे हैं। अब उन्हें गर्मी, बारिश और ठंड में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

संकल्प शिविर में लोगों को विभागीय योजनाओं से अवगत भी कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया और निःशुल्क दवा मरीजों को दी गई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड, आधार अपडेशन, केसीसी उद्यानिकी, पशुपालन आदि से अवगत कराया गया। इसके अलावा बिहान समूह की महिला राम्हीन साहू एवं कुमारी बाई ने बिहान समूह से मिलने वाले लाभ को बताया गया। रविकुमार साहू एवं चंद्रहास साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत लगे घरों में नल से होने वाले फायदे बताये । मीना साहू एवं टिकेश्वरी ने आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभ को बताया। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसान गोपी राम साहू एवं शिव कुमार ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के बारे में बताया। युवाओं द्वारा प्रश्नोत्तरी भी खेला गया जिसमें प्रथम आए प्रमोद कुमार पिता कामता राम को टी शर्ट एवं टोपी से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मीनाक्षी ढीमर एवं टिकेश्वरी साहू को गैस चूल्हा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मिनेश्वरी साहू सरपंच, सुनील गायकवाड़ जनपद सदस्य कुरुद, लेखराम साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, डीएस मरकाम करारोपण अधिकारी, सुरुजभान साहू एडीओ, अभिषेक श्रोती ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, महेश कुमार भगत तकनीकी सहायक कुरुद, रामकुमार बंजारे सचिव, एसआर रिगरी प्राचार्य हाई स्कूल, इंद्रमन बारले संकूल समन्वयक, देवकी बघेल प्रधानपाठक, सुरेंद्र कुमार ध्रुव पटवारी, डाकेश साहू रोजगार सहायक, तेजेन्द्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा शाखा कुरुद, मुकेश निर्मलकर अंवरी, लक्ष्मण साहू, तामेश्वरी, सुलोचनी, टेमिन साहू, ईश्वरी, लता साहू सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खूब बिके केक



**महासमुंद।** जिले में नववर्ष को लेकर पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। खासकर पर्यटक स्थलों के होटलों में धूम है। यहां पर्यटकों को लुभाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। नववर्ष के स्वागत के लिए बेकरी की दुकानों में लोगों की भीड़ रही। इन दुकानों में केक की जमकर बिक्री हुई।

# बेलौदी में बाल मेला सह विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

हायर सेकंडरी बेलौदी में बाल मेला सह विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में बाल मेला के साथ विभिन्न प्रकार के नवाचार और नव सृजन के प्रतियोगिता कराये गये। जिसमें रंगोली, पेंटिंग्स, खेलकूद और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी प्रमुख थे। इस अवसर पर बच्चों ने शाला कैम्पस में बाल मेला के लिए इंस्टॉल लगाए जिसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजन भारतीय व्यंजन को प्रमुखता से स्थान दिया। इसी प्रकार शाला के एक कक्ष में रंगोली प्रतियोगिता करायी गई जिसमें एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक और प्रेरक रंगोली बनायी गई। इसके साथ ही साथ खेलकूद का आयोजन कराया गया जिसमें कब्बड्डी, खो-खो हुई। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति पर आधारित गीत नृत्य प्रस्तुत किये गये। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के अंतर्गत बच्चों ने भूकंप अवरोधक, जवाला मुखी अवरोधक, शरीर रचना, अमाशय यकृत, लिवर, सौर ऊर्जा, अटोमेटिक एटीएम मशीन आदि का सुंदर मॉडल प्रस्तुत किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भेलवाकूदा में एनएसएस शिविर का समापन

- समाज से जुड़ने के लिए सेवा कार्य अच्छा माध्यम : कन्हैयालाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी का एनएसएस शिविर प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू के निर्देशन में ग्राम भेलवाकूदा में आयोजित हुआ। सात दिवसीय विशेष शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

स्वयंसेवकों द्वारा प्रथम दिवस प्रभात फेरी के माध्यम से समाज के





लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस जीवन में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों पर परिचर्चा आयोजित की गई। तृतीय दिवस यातायात कानून एवं साइबर अपराध से सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। चतुर्थ दिवस मोबाइल का हमारे जीवन में बढ़ते प्रभाव इस विषय पर बौद्धिक चर्चा की गई। पंचम दिवस पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशुधन विकास एवं संवर्धन पर गौपालकों को जानकारी प्रदान की गई। षष्टम दिवस स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पर आधारित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कन्हैयालाल सिन्हा सरपंच गाड़ाडीह (आर), उपसरपंच पंपा बाई साहू, वरिष्ठ नागरिक डॉ मोहित साहू, अश्वनी कुमार साहू, चंदूलाल साहू, धीरेंद्र कुमार साहू, योगेंद्र साहू थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज से जुड़ने के लिए सेवा कार्य एक अच्छा माध्यम है। स्वयंसेवकों ने समाज एवं परिवार में अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करने की बात कही। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू ने कहा कि ऐसे शिविरों से समाज में समानता और एकता स्थापित करने का अवसर मिलता है। आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता मेघराज साहू, बसंत कुमार साहू, कमलेश कुमार कंवर, मिथिलेश कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## पिछले वर्ष के रायल्टी पीट-पास के भरोसे ईंट भट्ठा कर रहे संचालन

# अवैध ईंट भट्ठों पर विभाग की नजर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

भखारा क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईट भट्ठे का संचालन धड़ल्ले से चल रहे हैं। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से अवैध ईट भट्ठों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो रही रहा है। साथ ही राजस्व को होने वाले आय का भी नुकसान हो रहा है।

अब तक खनिज विभाग द्वारा अवैध ईंट भट्ठा संचालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हालांकि कुछ स्थानों में कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति करते आ रही है। इससे ईंट भट्ठा संचालकों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं ये लोग बड़े पैमाने पर ईट का निर्माण कर



शासकीय व निजी जमीन के खनन करने में लगे हुए हैं। बता दें कि भखारा ब्लॉक के ग्राम भेलवाकुदा, पचपेड़ी, गाड़ाडीह, रामपुर, सिलघट सहित अन्य स्थानों पर अवैध ईट भट्ठों का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा पिछले वर्ष की जारी किये गए रायल्टी व पीट पास के भरोसे ईंट भट्ठा संचालन किया जा रहा है इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

ग्राम भेलवाकुदा के ईट भट्ठा संचालन करने वाले से पूछा गया तो मध्यप्रदेश के रींवा नामक जगह से निवास स्थान बताए जा रहे थे।

### नियम विरुद्ध कर रहे संचालन

ईंट भट्ठा संचालन के लिए रायल्टी छूट कुम्हार को आबादी, वनक्षेत्र निस्तार स्थल, पाठशाला, सड़क, शासकीय भवन से तय दूरी पर ईट भट्ठा संचालित करना है इन सब नियमों के धज्जियां उड़ाते हुए ईंट भट्ठों का संचालन करते है।

बाहरी कुम्हार ग्रामीण इलाकों में पैठ जमा लिए है और ग्रामीण इलाकों के किसानों से खेती की भूमि लेकर ईंट भट्ठों का संचालन कर रहे हैं। वहीं स्थानीय कुम्हार लोगों को अपने व्यवसाय करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है क्योंकि बाहरी लोग इधर कब्जा कर बैठे हैं।

# बनारसी गायकी के संग, तबला वादन और कथक नृत्य की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी जिले के संगीत कलाकारों द्वारा आयोजित संगीत यज्ञ की द्वितीय बैठकी 25 दिसंबर सोमवार शाम 5 बजे से प्रारंभ हुई। इस बैठकी में मशहूर वायलिन वादक, ग़ज़ल गायक, कंपोजर, पंडित बसंत तिमोथी को संगीतमयी श्रद्धांजलि दी गई। जिनके गुणी शिष्यों में विश्वजीत चक्रवर्ती रायपुर से , डॉ नमन दत्त साबीर, एचओडी - इंदिरा कला संगीत विश्वद्यालय खैरागढ़ आज भी अनेकों संगीत के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे है ।जिनके कई कंपोजिशन, आज श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य, वीरेन्द्र कुमार साहू द्वारा यहां के विद्यार्थियों को सिखाया जाता है। पंडित जी के संगीत सफर को याद करते हुए प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू द्वारा गुरूजी के साथ बिताए समय को सबके समक्ष रखा गया। उन्होंने





कहा कि गीतांजलि कोर्स खैरागढ़ में उन्ही की देन है। इस संगीत यज्ञ बैठकी का आयोजन श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी में कथक हाल में किया गया। उक्त संगीत यज्ञ में संगीत महाविद्यालय के सभी शिक्षक, उपस्थित कलाकार, अथितियों में सोहेन्दर सिंग गुरुदत्ता, अशोक गुप्ता, एवं संगीत रसिकों द्वारा मां सरस्वती के प्रति मूर्ति एवं पंडित जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम मीनाक्षी सिन्हा द्वारा मां दुर्गा को पुष्पार्चन में राग दुर्गा की मनमोहक प्रस्तुति हुई जिसमें हारमोनियम पर संगत चमनदास साहू, तबला संगत पुलकित साहू द्वारा किया गया। तृतीय आहुति तबला वादन के रूप में रविकांत गजेंद्र ने चार चांद लगाए जिसमें हारमोनियम संगत खिलेंद्र साहू द्वारा किया गया। चतुर्थ आहूति कथक नृत्य दीपाली कलिहारी की प्रस्तुति ने सभी रसिकों के बीच समा बांधा। यज्ञ की पंचम आहुति बनारस घराने की ख्याल गायकी, ठुमरी, भजन की प्रस्तुति हेतु जगजीत रौशन जो कि पटना बिहार से आमंत्रित थे जिनके हारमोनियम संगत में, दीपसुंदर भौमिक कोलकाता से, तबला संगत देवेश कंवर खैरागढ़ से उपस्थित रहे। संगीत यज्ञ बैठकी के माध्यम से पांच बच्चों को उनकी लगन मेहनत एवम् संगीत विद्यालय के प्रति लगाव को देखते हुए उनकी संगीत शिक्षा के लिए उन्हे स्कॉलरशीप प्रदान किया गया जिसमें जिसमें मीनाक्षी सिन्हा गायन से कलेश्वरी साहू कथक से, मिथिलेश कौशिक तबला से, कीर्तिका साहू बांसुरी वादन तथा राधा यादव जो कि एग्जेक्ट फाउंडेशन रुद्री कि दिव्यांग छात्रा है उन्हें गायन के लिए स्कॉलर प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप



### स्कूली शिक्षा मंत्री से की सौजन्य भेंट

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा की अगुवाई में स्कूली शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट कर अपने प्रमुख मांगों से अवगत कराया। इस दौरान प्रांताध्यक्ष ने कहा कि पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन का निर्धारण हो, पदोन्नति संशोधन प्रभावित शिक्षकों के संशोधित शाला में ही पदस्थापना एवं अब तक के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान हो, पदोन्नति, क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, लंबित महंगाई भत्ता सहित अन्य शिक्षकीय समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। मंत्री ने शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही करवाने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में सुधीर प्रधान प्रांतीय संयोजक, मनोज सनाढ्य प्रांतीय सचिव, देवनाथ साहू प्रांतीय उपाध्यक्ष, नारायण चौधरी जिलाध्यक्ष महासमुंद, नंदकुमार साहू जिला सचिव, खिलावन वर्मा जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप वर्मा जिला मीडिया प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### खरतुली में 5 जनवरी से रामायण सम्मेलन

**धमतरी।** ग्राम खरतुली में ग्रामवासियों के सहयोग से5, 6 और 7 जनवरी को रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ख्याति प्राप्त मानस मंडली भगवान राम की महिमा का बखान करेगी। 8 जनवरी को मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है।

# देश सेवा में योगदान के साथ नशामुक्ति के लिए युवाओं को आगे आने किया प्रेरित

## रामचंडी कालेज के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन, स्वयं सेवकों ने किए अनेक रचनात्मक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रामचण्डी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 से 29 तक ग्राम पंचायत प्रेतनडीह के आश्रिम ग्राम बगईजोर में प्राचार्य डॉ एनके भोई निर्देशन में और आरएस मांझी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी भरत कुमार प्रधान ने किया।

शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत प्रेतनडीह के सरपंच सौदामिनी विशाल रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एनके भोई, सतीश साहू कार्यकारी संचालक तथा समस्त प्रध्यापकगण उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस बौद्धिक चर्चा में वक्ता धर्मेन्द्र चौधरी (भूतपूर्व सैनिक) संचालक फुलझर डिफेंस अकादमी ने देश सेवा में आपका योगदान विषय पर युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया तथा आर्मी सीजीपुलीस, यूपीएससी में भर्ती होने के लिए मार्गदर्शन दिया।

तृतीय दिवस नशामुक्त भारत में युवा की भूमिका विषय पर वक्ता वीरेन्द्र चौधरी, राजेश महाणा, धनीराम पटेल उपस्थित रहे। वक्ताओं ने नशा पर अंकुश लगाने, नशा से समाज में होने वाली हानि, परिवार का विघटन , दुर्घटनाएं आदि पर प्रकाश डाला। चतुर्थ दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य विभाग से लैब टेक्नीशियन राजकुमार पटेल, भुवनेश्वर पटेल तथा एचआईवी एड्स परामर्शदाता हेमचंद मांझी ने सिकलीन व एचआईवी एड्स के बारे में विस्तृत चर्चा के माध्यम से स्वयं सेवकों




को अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं का एचआईवी का टेस्ट किया। पंचम दिवस के बौद्धिक सत्र में व्यक्तिगत विकास में अनुशासन की भूमिका विषय पर वक्ता चक्रधार प्रसाद डड़सेना व सुरेन्द्र प्रधान ने कहानी के माध्यम से रोचक ढंग से व्यक्तिव के विकास में वातावरणा की भूमिका प्रभावशाली ढंस से स्पष्ट किया। छठवें दिवस के बौद्धिक सत्र में समाज में नवयुवकों की भूमिका विषय पर वक्ता प्रखर अग्रवाल संस्थापक संगम सेवा समिति सरायपाली ने समाजसेवा राजनीति व देशा सेवा के लिए युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया।

सप्तम दिवस शिविर का समापन समारोह बगईजोर ग्राम के बीच गली में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केएस प्रधान (अध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि शोभना कोष्टा प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश सरायपाली, राजेन्द्र कुमार दास (सचिव अधिवक्ता संघ सरायपाली), भूपेन्द्र कुमार भोई (कोषाध्यक्ष अधिवक्ता संघ सरायपाली), गिरधारी साहू कोलता समाज, हरिचरण प्रधान संरक्षक कोलता समाज, मथामणी बढ़ई, नंदकिशोर भोई, लक्ष्मी नारायण भोई, ललित कुमार साहू, देवेन्द्र भोई तथा महाविद्यालय प्रबंधन समिति सुभाष चंद्र साहू, सतीश साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एनके भोई (प्राचार्य) ने की। कार्यक्रम का संचालन आरएस मांझी ने किया। इन सात दिवसों में स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रधान, शिविर दल नायक रोहित राणा, उपदल नायक सुमन प्रधान के नेतृत्व में बगईजोर गांव के गली-मुहल्लों, सड़क, मंदिर परिसर, उचित मूल्य की दुकान परिसर, तालाब का पचरी घाट, हैंडपंप परिसर, स्कूल परिसर आदि की साफ-सफाई कर स्वच्छता के लिए जागरुकता रैली निकालकर संदेश दिया। गांव में पशु टीकाकरण, स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। साथ ही मनमोहक डांस, गानों, नुक्कड नाटक आदि के माध्यम से लोगों को संदेश दिया।

# कपड़ा बाजार के गोदाम में लगी आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका






हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के जय स्तंभ चौक के आगे मुख्य मार्ग में स्थित श्रीराधे कपड़ा बाजार में सुबह 5 बजे के आसपास भयंकर आग लग गई। आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग पीछे गोदाम से लगनी आरम्भ हुई। आग दुकान तरफ आने के पहले नगर के उत्साही युवाओं के कड़ी मेहनत से शोरूम के निचले व ऊपर के हिस्सों से मिलकर काफी कपड़ों को सुरक्षित बाहर निकलने में सफलता मिली। खाली ट्रकों में माल खाली किया गया। लगभग 8 बजे नगर पालिका की फायर फ्रिगेड दुकान के पीछे हिस्से पहुंचकर आग बुझाने में सफल रही। लाखों रुपए के नुकसान की खबर है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी यातायात व सुरक्षा व्यवस्था पर मोर्चा संभाल लिया गया था। कपड़ा बाजार के गोदाम में आग इतनी भयानक थी कि थोड़ी ही देर में आग की लपटों ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों को देखते हुए पुलिस ने गोदाम के आसपास के घरों को एहतियातन खाली करा दिया गया था। हालांकि, आगजनी की असल वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाया। फिलहाल, इस आगजनी में कितना नुकसान हुआ है, इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

# पोटिया को हराकर एलिगेटर महासमुंद बना विजेता



**महासमुंद।** माही क्रिकेट क्लब पोटिया (हिच्छा) में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा का समापन हुआ। पोटिया व एलिगेटर महासमुंद के मध्य फायनल मैच हुआ। जिसमें एलिगेटर महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 45 रन बनाया। 46 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पोटिया की टीम 27 रन पर ही ढेर हो गई। इसी तरह एलिगेटर महासमुंद 18 रनों से जीत हासिल किया। आयोजक समिति द्वारा स्पर्धा की तैयारी पहले से ही कर रखी थी। स्पर्धा के आयोजक हेमलाल बरिहा, देवनंद सिन्हा, मदन ध्रुव, भुवनेश्वर सिन्हा, अजय साहू, किशन ध्रुव, गजानंद सिन्हा, श्रवण ध्रुव, तुकेश्वर सिन्हा, हेमलाल बरिहा, भुवनेश्वर सिन्हा, विमल सिन्हा, गोविंद दास ने बताया कि स्पर्धा में अनेक पुरस्कार रखे गए थे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 8000 रुपए आयोजक टीम द्वारा, द्वितीय 5000 आयोजक टीम व तृतीय आने वाले को 2000 नगद पुरस्कार दिया गया। यहां प्रत्येक मैच में मैन आफ द मैच व हैट्रिक छक्का, चौका व विकेट पर अनेक ईनाम रखा गया था। विजेता टीम को हरक राम साहू खट्टी द्वारा शील्ड प्रदान किया गया। विजेता टीम में कप्तान अनीस यादव (अंटू), संजय, सचिन, चेतन, राजेन्द्र, रुपेश, दीपक, विक्की, संदीप, प्रकाश, केशव, कोमल, शिव, तेजन का योगदान रहा।

### नपा पेंशनर्स संघ ने की विधायक से मुलाकात



**महासमुंद।** नगर पालिका महासमुंद पेंशनर्स संघ के सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें भारी मतों से जीत के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर हर्ष जताया। साथ ही पेंशनरों के विविध समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके निदान का निवेदन किया गया। विधायक ने पेंशनरों की समस्याओं के शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी एजाज अली, विजय कुमार साहू, संघ के अध्यक्ष बीडी सोनवानी, सचिव रामकुमार लोधी, सदस्यगण तुलाराम साहू, लेखराम चन्द्राकर एवं जगदीश साहू उपस्थित थे। उक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष बीडी सोनवानी ने दी है।

### सलिहाभांठा के बच्चों ने किया चेतना विकास मूल्य शिक्षा केन्द्र का भ्रमण, मानवीय मूल्यों को समझने पर की चर्चा

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के कक्षा चौथी और पांचवी के बच्चों और शाला के पूर्व छात्रों ने प्रधान पाठक योगेश निर्मलकर के मार्गदर्शन में मानवीय चेतना विकास शिक्षा केन्द्र तेन्दुवाही का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण से बच्चों ने मानवीय मूल्यों को जाना। इस दौरान मानवीय चेतना विकास संस्थान के संचालक गेंदलाल कोकड़ियि ने बच्चों से मानवीय मूल्यों पर बात की। बच्चे बड़े ध्यान से सुनते रहे और इस दौरान जाना कि हमारे जीवन में मानवीय मूल्यों का क्या योगदान है। परिवार, समाज और इस धरती के प्रति हमारी क्या जिम्मेदारी है। बच्चों ने यह भी जाना कि मानवीय मूल्यों के साथ जीते हुए हम कैसे स्वयं को और अपने साथ ही इस समाज को बेहतर बना सकते हैं। बच्चों के साथ मानव और प्रकृति के सम्बंधों पर भी बात किया गया। इस भ्रमण में बच्चों ने संस्थान द्वारा भेंट किए अमरूद का भी स्वाद लिया। आखिर में बच्चों ने क्या समझा इस पर मेघराज, चाँदकुमार, तन्मय, ललित, खिलेश्वरी, प्रेमसागर, रेशमी, सूरज, सालनी सहित सभी ने बारी-बारी से अपने विचार रखें। मानवीय मूल्यों पर अच्छी बातों को साझा करने और भ्रमण के अवसर व स्थान देने के लिए संस्थान के संचालक गेंदलाल कोकड़ियि और राखी कोकड़ियि का आभार व्यक्त किया गया। इस भृमण में बच्चों के साथ एसएमसी अध्यक्ष पिरीत राम साहू, घांसु राम दीवान, पंचराम ध्रुव, भोजराम साहू, बिसनी बाई दीवान, लगन बाई ध्रुव, फ़ाग बाई यादव, रेशम बाई ध्रुव, गायत्री दीवान, पुनिया बाई यादव, दुलारी ध्रुव सहित पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# वाह रे शराब! हमने देखी तेरी माया, भट्टी के नीचे आग लगाकर ऊपर है सुलवाया : जन्मजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कृषक उमावि पाटसेन्द्री के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय प्राशा ग्राम बारडोली में आयोजित किया गया। नशामुक्त समाज के लिए युवाविषय पर आधारित शिविर के चतुर्थ दिवस के बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वंदेमातरम् गुरुकुल के उपाध्यक्ष प्रखर वक्ता जन्मजय नायक आमंत्रित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि स्वागत के साथ मां सरस्वती, मां भारती तथा रासेयो के प्रतीक पुरूष स्वामी विवेकानंद के तैलीय चित्र पर धूप-दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात शिविर के कार्यक्रम अधिकारियों ने रासेयो का परिचय कराते हुए आयोजित शिविर के उद्देश्य एवं कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन्मजय नायक ने नशे के



गिरफ्त में पड़े युवाओं की ओर संकेत करते हुए कहा-न रिश्तों का ख्याल, न खुद का, हर किसी ने अपनी जिंदगी अपने ही हाथों तबाह कर दी। किसी ने अपने माता-पिता पर हाथ उठाया, तो किसी ने पूरी जिंदगी नशे के खुमार में बिता दी। इन्होंने जिंदगी के सफर में वो राह चुन ली, जिसने इन्हें तबाही की राह पर खड़ा कर दिया और वो राह थी नशे और बुरी लत की। नायक ने आगे कहा कि नशे की लत कुसंग का ज्वर है। कोई शौक से शुरू करता है तो कोई अपने गम भुलाने के बहाने। किसी के यार दोस्त उसे वो पहला कश या पहला घूंट पिलाते हैं जो जहर बन जाता है शरीर के लिए, रिश्तों के लिए और जिंदगी के लिए। जिस जहर को वो शुरू में मस्ती का नाम देते हैं, वही मस्ती उन्हें ऐसे अंधेरे में ले जाती है, जहां पहुंचने की राहें तो आसान हैं, लेकिन वापस आने की कोई राह नजर नही आती। नायक ने आगे अपने संबोधन में विगत दिनों नशे के कारण अंचल में घटित घटनाओं और उसकी परिणति का दृष्टांत रखते हुए अपने अंदाज में कहा-वाह रे शराब! हमने देखी तेरी माया, भट्ठी के नीचे आग लगाकर ऊपर है सुलवाया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए संकल्प कराते हुए लालच को दूर करने और संकल्प को मजबूत करने की बात कही। वहीं माता-पिता, गुरू, ईश्वर पर धारा प्रवाह बोलते हुए भक्ति के भाव भरे।साथ ही नशामुक्ति, मांसाहार, मोबाइल, प्रेम-प्यार, प्री वेडिंग शूट, मृत्युभोज, स्वरूचि भोज, शिक्षा व्यवस्था, पानी बचाओ, मतदान जैसे विषय पर बोलते हुए गंभीरता के भाव भरे। शेरो-शायरी और गीतों के अंदाज से छात्र-छात्राओं को जागरूक कराते हुए अपनी वक्तव्य से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी शिक्षक सोमेश्वर नायक, सहायक चेतन कुमार पटेल, गुणसागर पटेल, शिक्षक दुर्गाचरण पटेल, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**महासमुंद।** भाजपा शहर मण्डल महासमुंद द्वारा इस साल के अंतिम रविवार 31 दिसम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय में दूरदर्शन के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला महामंत्री प्रदीपचंद्राकर, चुनाव संचालक सन्दीप दीवान, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, प्रकाश शर्मा, पार्षद मीना वर्मा, देवीचन्द राठी, माधवी सिक्का, मुन्ना देवार, गोपाल वर्मा, मुन्ना साहू, देवेंद्र चन्द्रकर, महेंद्र सिक्का, विष्णु चंद्राकर, विक्की गुरुदत्ता, आनंद गिरी, हनीश बग्गा, पप्पू ठाकुर, राकेश, मधु यादव, सुनिता साहू, सुनीता देवांगन, भगवती करकसे, सारिका, सोमेश दावड़ा, रोमी गुरुदत्ता, शोभा तंबोली, घनाराम साहू, खिलावन यादव समेत कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### उपमुख्यमंत्री साव से मुलाकात

**महासमुंद।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, नवनिर्वाचित विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव को नगरीय प्रशासन मंत्रालय की जवाबदारी सौंपे जाने पर भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचन्द राठी एवं पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र सिका, भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि बंटी शर्मा ने हर्ष जताया। और कहा कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में द्रुत गति से विकास होगा। पांच सालों से बीमार पड़े नगरीय निकाय अब मजबूत होगी।

# नगर में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लगभग 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या से मंत्र पूजित अक्षत कलश को जन-जन तक निमंत्रित करने के लिए सरायपाली नगर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शामिल होने विकासखंड के 235 ग्रामवासियों को अक्षत, कलश, निमंत्रण देने के लिए एक–एक मुखिया को पूजित अक्षत कलश सौंपा जाएगा। इस पावन अवसर पर समस्त रामभक्तगण सरायपाली के तत्वावधान में नगर के राम जानकी मंदिर से कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। आगामी 22 जनवरी को श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा। इस अवसर पर अयोध्या में तो अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा ही, परंतु अयोध्या के साथ–साथ भारत के प्रत्येक शहर में खुशियां मनाई जाएगी। इसी अवसर पर मेरा गांव, मेरी अयोध्या के तहत हर एक शहर में अक्षत, कलश, निमंत्रण भेजा जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष ने किया डामरीकरण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 15 के मुख्य मार्ग गांधी चौक सिविल लाइन में चल रहे डामरीकरण व पैंचिग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार से चर्चा कर डामरीकरण पैचिंग कार्य में सारे घटकों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सड़क पर निर्मित चेम्बर को समुचित रूप से ढंककर से संधारित करने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने ठेकेदार को मार्ग में डामरीकरण में सही तरीके से रोलिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ नोशाद बक्श और नागरिकगण मौजूद रहे।



# बागबाहरा में महिलाओं व विकलांगों को बांटे कंबल

**बागबाहरा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विकास योजना, उन्नति जन कल्याण शिक्षक समिति के तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 10 नवागांव बागबाहरा में महिलाओं एवं विकलांगों को कंबल वितरण किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 3, 8 एवं 10 की महिलाएं एवं विकलांग शामिल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से विश्वनाथ सिंह ठाकुर, शिखर चतुर्वेदी, जयेश पंजवानी, सार्थक जैन, देवव्रत शर्मा, अंकुर सिंह, नेता विवेकानंद ठाकुर, इंद्रजीत सिंह चावला, नगर पालिका उपाध्यक्ष दीपक यादव, नीरज सोनी, थनवार कुलदीप, शीतल कुर्रे, गिरधारी निर्मलकर, किशन सोनवानी, वासुदेव टांडे, पन्ना ठाकुर, बिसहत ठाकुर,अभे राम यादव, गगन टांडेकर, रूपेंद्र साहू, संजय चंद्राकर, रामाधार यादव, मंसाराम जगत, भूखन महानंद, दुबे ठाकुर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में थनवार कुलदीप ने आभार प्रकट किया।








## खबर संक्षेप



### खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के आसपास गंदगी नहीं फैलाने की अपील की है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने बताया कि 1 जनवरी को नववर्ष के अवसर पर शहीद स्मारक खरोरा के आसपास जगह पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसमें ग्रामीणों को शामिल होने की अपील की है।



### संविधान विषय पर टेस्ट आयोजित, 134 शामिल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन हुआ। अकादमी के जिला समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट पेपर संविधान का हुआ। चौथा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 103 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 31 परीक्षार्थियों कुल 134 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन 07 जनवरी 2024 को अर्थशास्त्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण का टेस्ट आयोजित होगा।

### कार्रवाई : ओडिशा से धान लाकर खपाने की थी तैयारी

# धान का अवैध परिवहन जब्ती की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओड़ीशा से अवैध तरीके से लाए जा रहे धान पर एक बार पुनः सख्ती बरतते हुए लगातार कार्रवाई जारी है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर शुक्रवार को देर रात और शनिवार को तहसीलदार ममता ठाकुर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम टुहलू थाना के आगे 350 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गाड़ी सहित धान को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि रात में धान से भरी वाहन ओडिशा से गरियाबंद की ओर जा रही थी। इसी तरह ग्राम भदरसी में रोशन लाल के बाड़ी में 316 कट्टा धान जब्त किया गया। पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त धान ओडिशा का है। जिसे पंचनामा कर जब्ती बनाया गया। उल्लेखनीय है कि ओडिशा सीमा से लगे अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान के अवैध परिवहन व भंडारण पर कड़ी कारवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।



# आभार रैली में विधायक का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- तुमगांव में महासमुंद विधायक ने निकाली आभार रैली



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की आभार रैली के दौरान नगर पंचायत तुमगांव के सभी वार्डों में समस्त नगरवासियों व सभी समाज के वरिष्ठजनों, भाजपा कार्यकर्ताओं, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों ने जगह जगह स्वागत किया। स्वागत रैली मेन रोड तुमगांव से प्रारंभ हुई, जहां सभी नगरवासियों द्वारा बाजे गाजे राउत नाचा के साथ भव्य आतिशबाजी पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम तेली (साहू) समाज द्वारा बंगलापारा में तेल से तौल कर स्वागत किया। तत्पश्चात सतनामी समाज द्वारा जैतखाम का पूजा अर्चना कर पंथी के थाप के साथ स्वागत किया गया। बाजार चौक में मरार (पटेल ) समाज द्वारा हरि सब्जी से तौल कर स्वागत किया गया। राम मंदिर में धोबी (निर्मलकर) समाज द्वारा धान से तौल स्वागत किया गया। ततपश्चात सर्व यादव समाज द्वारा सहाड़ा देवता में पूजा अर्चना कर विधायक को दूध से तौला गया। भाठापारा में निषाद समाज ने भी स्वागत किया। समापन पर दुर्गा चौक भाठापारा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सिन्हा ने अपनी जीत को कार्यकर्ताओं, आम जनता की जीत बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर, वरिष्ठ नेता मोती साहू, संदीप दीवान, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, पार्षदगण आदि मौजूद रहे।

# न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि छग उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बेमचा स्थित जिला जेल महासमुंद का जिला न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में बंदियों को विधिक सहायता, जेल बिल्डिंग की अवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, बंदियों को प्रदत्त सुविधा, टायलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, मनोरंजन के साधन, बंदियों के कपड़ों की दशा, पेयजल की व्यवस्था की जांच की गई तथा जेल अधीक्षक उत्तम पटेल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत छग उच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार स्टे्टस रिपोर्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा प्रस्तुत की जाएगी



# कुलिया में द्वारिकाचरण गजेंद्र स्मृति राम-कृष्ण भक्ति महोत्सव की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 19 जनवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ और 26-27 को राम चरित्र मानस गान होगा

बागबाहरा ब्लाक के ग्राम कुलिया (कोमाखान) 19 से 27 जनवरी तक राम कृष्ण भक्ति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गांव के प्रथम सरपंच द्वारिकाचरण गजेंद्र की स्मृति में आयोजित होने जा रहे इस महोत्सव में 19 से 26 जनवरी तक मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ और 26-27 जनवरी को राम चरित्र मानस गान यज्ञ होगा। मुख्य यजमान डॉ. नीरज गजेंद्र ने बताया कि भक्ति महोत्सव की शुरुआत 19 जनवरी की दोपहर 2 बजे से भव्य कलश यात्रा से होगी। व्यास पीठ से मद् भागवत कथा महापुराण का वाचन तिरुपति वैदिक शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षित आचार्य पं. शंकु स्वामी महाराज (नुआपाड़ा वाले) करेंगे। 26 जनवरी को मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और इसी दिन दोपहर 2 बजे से रामचरित्र मानस गान यज्ञ का शुभारंभ होगा। कुलिया के बजरंग चौक स्थित अन्नपूर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजत हो रहे रामकृष्ण भक्ति महोत्सव के रामचरित्र मानस गान में पहले दिन प्रज्ञा मानस परिवार सोरिदखुर्द (जिला गरियाबंद), विश्राम मानस परिवार झारा और राग रंग मानस परिवार खल्लारी (जिला महासमुंद) और दूसरे दिन यानि 27 जनवरी को राम दास मानस परिवार बंदौरा (जिला कबीरधाम), रामसिया मानस परिवार कोटगांव और मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा का संगीतमय रामायण पाठ होगा। आयोजन संबंधी बैठक में रोहित सिन्हा, रमेश सिन्हा, मुकेश सिन्हा उपसरपंच, हेमचंद अग्रवाल, नरेश सिन्हा, केशवराम साहू, सोमनाथ चंद्राकर, अजय सिन्हा पंच, पं. संजय त्रिवेदी, बालेश्वर साहू, दीनाराम साहू, रामाधीन यादव, खेदूराम यादव, दुकालूराम साहू, नेहरूलाल यादव, डिगेश चंद्राकर, छन्नूराम साहू, संजय चंद्राकर, गिरधारी लाल सिन्हा, दिनेश सिन्हा, शत्रुघन चंद्राकर, आत्माराम साहू, महेंद्र चंद्राकर, भुनेश्वर पटेल एवं पुरुषोत्तम बघेल कोटवार आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।



# भोथा में राज गौरा कार्यक्रम में शरीक हुए अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा आदिवासी संस्कृति के परिचायक त्योहार राज गौरा कार्यक्रम में बतौर अतिथि शरीक हुए।

आदिवासी संस्कृति के बड़े त्योहार के रूप में गौरा गौरी का विवाह एक अनादि काल से चली आ रही परंपरा है। इसी का निर्वहन करते हुए ग्राम भोथा में विगत 13 वर्षों से राज गौरा का महोत्सव मनाया जाता है। जिसमें भगवान शिव और पार्वती के विवाह की परंपरा है। जिसमें गौरा हैं भगवान शिव तथा गौरी हैं माता पार्वती। अंकित ने बाकायदा ग्राम में समय में पहुंचकर बारात में शामिल हुए। गौरा गौरी के विवाह में शामिल हुए। संबंधी भेंट में शरीक हुए। तत्पश्चात पूजा अर्चना कर उन्हें ग्राम के एक चौक में विराजमान करवाया गया। अंकित ने बताया कि इस दिन के लिए कुम्भकार समाज से नई मूर्तियां बनवाई जाती है। भोथा के राज गौरा में खल्लारी माता, ग्राम ठाकुर देव, सुरमालहिंन शारदा माता, बड़ा देव (साजा पेड़), बजरंग बली, पांच पांडव के प्रतिनिधि के रूप में (भीम सेन), टेंगनाहिन माता (डेडिया माता), गौरी माता, शंकर भगवान, कृष्ण भगवान की मूर्तियां थी, जिसे परंपरा अनुसार कार्यक्रम के बाद विधि विधान के साथ विसर्जित भी कर दिया जाता है। अपने उद्बोधन में अंकित ने अनादि काल से चली आ रही इस परंपरा को आदि काल के वासी आदिवासी समाज द्वारा जीवित रखे जाने पर सभी को बधाई दी और आयोजित मेले कार्यक्रम का आनंद शांति से लेने का अनुरोध किया।



### यह भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अंकित के साथ मुख्य रूप से तुलाराम मांझी, गोविंद ठाकुर, नेहरू चक्रधारी, कमल सिंह ठाकुर, नेहरू ठाकुर, मुकेश ठाकुर, वीरेंद्र शुक्ला, राजू यादव, मधु ठाकुर, शीतल प्रसाद तिवारी, मुरली मरकाम, रामबाई ठाकुर जनपद सदस्य, सरपंच गायत्री नेहरू चक्रधारी, बुढ़ाना सिंह ठाकुर, राय सिंह ठाकुर, धलेश ठाकुर, टीकम ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी व अन्य ग्रामों से आए अतिथि उपस्थिति रहे।

### मरार पटेल समाज ने किया विधायक का सम्मान



**नर्रा।** नवनिर्वाचित विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा का प्रथम झलप आगमन शनिवार को हुआ। जिसमें मरार पटेल समाज बारापाली राज झलप के सभी राज पदाधिकारी एवं राज अध्यक्ष ललित पटेल के नेतृत्व में जोशिला स्वागत किया गया। समाज द्वारा विधायक को सब्जी में तौल कर मंच में ले जाया गया। तत्पश्चात मौसमी सब्जी से भरे टोकरी भेंटकर एवं फूल माला से स्वागत किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद पटेल, कोषाध्यक्ष शिव पटेल, सचिव सुन्दर पटेल, नारायण, सेवकराम, लोकनाथ, दीनदयाल, अशोक, खूबू, भूषण, प्रहलाद नाथूराम, भोजराम, पूरनलाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आप की 12वीं राष्ट्रीय परिषद की हुई बैठक

### आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद सदस्य चन्द्राकर 12वीं राष्ट्रीय स्तर के बैठक में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बैठक में छग का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए चंद्राकर

आम आदमी पार्टी की 12वीं राष्ट्रीय परिषद की बैठक साल के आखरी दिन हुई। जिसमें पूरे भारत के नेशनल कॉन्सिल के सदस्य शामिल रहे। आम आदमी पार्टी महासमुन्द के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर इस अहम बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए।

आम आदमी पार्टी के इस मीटिंग को होस्ट राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अरविंद केजरिवाल ने पार्टी के अहम मुद्दे पर इस मीटिंग के दौरान सभी मेम्बरों को संबोधित किया और आने वाले लोकसभा और हरियाणा विधानसभा इलेक्शन को लेकर प्लानिंग और दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक ने संगठन के संदर्भ में अपने दिशा निर्देश दिए। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद की सदस्य भूपेन्द्र चन्द्राकर ने इस मीटिंग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधत्व करते हुए अरविन्द केजरीवाल के समक्ष संगठन को लेकर अपने सुझाव रखें तथा बैठक के दौरान संगठन को आगे मजबूत बनाने के लिए स्थानीय नेतृत्व को आगे लाने पर जोर दिया। साथ ही इलेक्शन के बाद जो परिणाम सामने आए है उस पर समीक्षा करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ के संगठन को नीचे से ऊपर स्तर पर पुर्नगठन के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किया। इस अवसर आम आदमी पार्टी बस्तर के वरिष्ठ नेत्री एवं राष्ट्रीय परिसद के सदस्य तरुणा साबे ने कहा कि ईमानदार पार्टी में बिना जांच पड़ताल किए ही वसूलीबाज़ और अपराधिक छवि के लोगों को पार्टी की सदस्यता देने का भी विरोध किया। चन्द्राकर ने बताया कि आने वाले दो महीने में नेशनल कॉन्सिल की अगली बैठक पंजाब में होने जा रही है। बैठक का समापन मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान द्वारा सभी सदस्यों को हौसला अफजाई करते हुए की गई। 12वीं नेशनल कॉन्सिल मीटिंग में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, संगठन मंत्री संदीप पाठक, पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, महापौर मध्यप्रदेश रानी अग्रवाल समेत पंजाब व दिल्ली के चुनिंदा विधायक, मंत्री एवं देशभर के नेशनल कौन्सिल के सदस्य शामिल रहे।






